RAF SECTOR
NEWS CLIP
15/11/18

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan (Bhagalpur,Bihar)

सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

भागलपुर। छठ पूजा के दौरान घाट किनारे सुरक्षा और ट्रैफिक का बेहतर इंतजाम किया गया था। मानिक सरकार और आदमपुर घाट पर रैफ जवानों की तैनाती की गई थी। सभी घाट पर महिला पुलिस की तैनाती की गई थी। सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था पुल घाट बरारी व सीढ़ी घाट और हनुमानगर घाट पर की गई थी।

Dainik Bhaskar(Mandla,M.P)

चुनाव में शांति व्यवस्था के लिए निकाला फ्लैग मार्च

भास्कर न्यूज़ अंजनिया|

विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में चौकी अंजनिया में साप्ताहिक बाजार, बाजार चौक, बस स्टैंड एवं इंद्रा चौक और ग्राम माधोपुर बस्ती में मेला मड़ई आयोजन के दौरान प्लेगमार्च किया गया। आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के लिए कॉन्फिडेंस बिल्डिंग मेजर्स,सीबीएम के तहत एरिया डोमिनेशन फ्लैग मार्च रैपिड एक्शन फोर्स के साथ किया गया। इसमें असिस्टेंट कमांडेंट एसके पटेल, चौकी प्रभारी अंजनिया उप निरीक्षक राजपाल सिंह बघेल, नायब तहसीलदार अंजनिया निर्मल पटले एवं रैपिड एक्शन फोर्स तथा चौकी अंजनिया का पुलिस बल शमिल रहा। इसके साथ चौकी अंजनिया से एक गिरफ्तारी वारंट तामिल किया गया। प्रकरण क्रमांक 3422/11 मे वारंटी अमरलाल पिता शहीद पंद्रो 40 वर्ष निवासी छिंदी टोला अंजनिया को गिरफ्तार कर न्यायालय बिछिया प्रस्तुत किया गया। उपतहसील कार्यालय अंजनिया में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए धारा 107, 116,3 जाफौ के प्रकरण पेश किए गए 225 इस्तगासा में से आज दिनांक तक 140 प्रकरण में बाउंड ओवर की कार्यवाही की गई।

बैटरी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

कोतमा। कोतमा पुलिस द्वारा घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर वाहन से बैटरी सहित अन्य सामान चोरी किए जाने के मामले में आरोपी की पड़ताल करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना अंतर्गत बिजहाटोला निवासी राजेन्द्र प्रसाद तिवारी के ट्रैक्टर वाहन से 8 नवम्बर की रात बैटरी चोरी किए जाने की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 379 आईपीसी का मामला पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना मे लिया गया। लगातार पुलिस माल मुल्जिम की तलाश कर रही थी।13 नवम्बर को आरोपी गुलाब सिंह कंवर निवासी बिजहाटोला के कब्जे से उक्त चोरी गया समान कीमत करीबन 12 हजार का जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया वहीं अन्य मामलों मे भी पुलिस पतासाजी कर रही है।

Nai Dunia (Jabalpur,MP)

सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

शहरी सीमा पर रखी जा रही आने-जाने वालों पर नजर





- जबलपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने पैदल भ्रमण कर आम नागरिकों को सुरक्षा का अहसास कराया।
- इस दौरान उन्हें विश्वास पर्चियों का भी वितरण किया गया, जिसमें निष्पक्ष व निर्भीक मतदान का संदेश दिया गया है।
- इसी प्रकार थाना क्षेत्रों में वाहनों की चेकिंग ने जोर पकड़ लिया है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले की सीमाओं पर भी गश्त बढ़ा दी गई है।
- हर आने-जाने वालों पर पुलिस नजर रख रही है। बिना जांच पड़ताल के सीमाओं से वाहनों का आवागमन नहीं होने दिया जा रहा।

Nai Dunia (Khandwa,MP)

आईएसबीटी में चला स्वच्छता अभियान

नगर निगम और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने संयुक्त रूप से मंगलवार को आईएसबीटी में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान एक ट्रक कचरा एकत्र किया गया। अभियान में आरएएफ के जवान और नगर निगम का स्वास्थ्य अमला शामिल हुआ।

Sakshi (Hyderabad,TS)

పోలీసుల ఫ్లాగ్ మార్చ్

ఫ్లాగ్ మార్చ్‌లో పాల్గొన్న పోలీసులు

ఆర్ఏఎఫ్ బలగాలతో కలిసి కవాత్ నిర్వహిస్తున్న ఛత్రినాక పోలీసులు

దూద్‌బౌలి: రానున్న అసెంబ్లీ ఎన్నికల్లో భాగంగా శాంతి భద్రతల పరిరక్షణ కోసం భారీ బందోబస్తు ఏర్పాటు చేస్తున్నట్లు హుస్సేనీ ఆలం ఇన్‌స్పెక్టర్ రమేశ్ కొత్వాల్ అన్నారు. బందోబస్తులో భాగంగా బుధవారం పోలీస్‌స్టేషన్ పరిధిలోని 100 మంది ఆర్ఏఎఫ్, 50 సీఆర్‌పీఎఫ్, స్థానిక పోలీసులతో కలిసి ఖిల్వత్, ముర్గీచౌక్, హుస్సేనీఆలం, మూసా బౌలి, పురానాపూల్, పార్ధివాడ తదితర ప్రాంతాల్లో ఫ్లాగ్ మార్చ్ నిర్వహించారు. ఎస్సైలు రాము నాయుడు, నరేశ్, నర్సింంగ్‌రావు సిబ్బంది పాల్గొన్నారు.

చాంద్రాయణగుట్ట: అసెంబ్లీ ఎన్నికల్లో ఓటర్లు ఎలాంటి భయాందోళనలు చెందకుండా ప్రశాంత వాతావరణా న్ని కల్పిస్తున్నామని ఛత్రినాక ఇన్‌స్పె క్టర్ ఆర్.విద్యాసాగర్ రెడ్డి అన్నారు. ఆర్ఏఎఫ్ బలగాలతో కలిసి ఛత్రినా క పోలీసుల ఆధ్వ ర్యంలో లాల్‌దర్వాజా సింహవాహిణి మహంకాళి ఆలయంనుంచి బుధవారం ఉదయం పోలీస్ కవాత్ నిర్వహించారు. ఎస్సైలు టి.సాయి కుమార్ గౌడ్, మోజీరాం, కె.హరిభూషణ్ రావు,వినయ్‌కుమార్, పెద్ది రాజు తదితరులు పాల్గొన్నారు.

Photos of Deployment/ Fam-Ex of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।